समाचार विज्ञप्ति

स्कूलों में COVID-19 की रिपोर्टिंग करने के संबंध मेंअपडेट

जनवरी 14, 2021 मीडिया पूछताछ

स्कूलों में COVID-19 मामलों की सँख्या का वर्णन करने वाली भाषा को शिक्षा में भागीदारों के फीडबैक के आधार पर अपडेट किया जा रहा है - इनमें माता-पिता, स्कूल और बोर्ड शामिल हैं।

वर्तमान में COVID-19 के मामलों वाले स्कूलों को एलर्ट (alert), आउटब्रेक (outbreak) या वॉच (watch) शब्दावली से वर्णित किया जाता है। प्रत्येक वर्ग किसी स्कूल-विशेष में मामलों की निश्चित सँख्या दर्शाता है।

18 जनवरी से निम्नलिखित शब्दावली का उपयोग किया जाएगा:

- एलर्ट (Alert): एक से चार मामले
- आउटब्रेक (Outbreak): पांच से अधिक मामले

"वॉच" ("watch") शब्द से कई भागीदारों को भ्रम पैदा होने के कारण अब इसका उपयोग नहीं किया जाएगा।

"महामारी के आरंभ होने के बाद से हमने शिक्षा प्रणाली के साथ मिलकर काम किया है और उनके फीडबैक पर ध्यान दिया है। उनके अनुरोध के आधार पर हम इस शब्दावली में परिवर्तन कर रहे हैं। स्पष्ट और सरल भाषा से हम सभी को परिवारों, एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) और हमारे स्कूल समुदायों के साथ मिलकर काम करके विद्यार्थियों और कर्मचारियों को सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी।"
एड्रियाना लाग्रांज, शिक्षा मंत्री

"हम स्पष्ट संचार के लिए प्रतिबद्ध हैं, और स्कूली मामलों की सँख्या के वर्णन में यह परिवर्तन करने से हमें सुधार में सहायता मिलेगी। आगे हम जिन शब्दों का उपयोग करेंगे, वे और भी अधिक सहज होंगे और हमें उम्मीद है कि इनसे कर्मचारियों और अभिभावकों को अपने स्कूलों में COVID-19 को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिलेगी।"
डॉ. दीना हिनशॉ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य

संबंधित जानकारी

स्कूलों की COVID-19 स्थिति का नक्शा
स्कूलों के लिए COVID-19 मार्गदर्शन और स्वास्थ्य-संबंधी दिशा-निर्देश

मीडिया पूछताछ

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
संचार सहायक निदेशक, स्वास्थ्य
(Assistant Director of Communications, Health)

जस्टिन मार्शल
780-913-0264
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य
(Press Secretary, Education)

"एल्बर्टा स्कूल बोर्ड एसोसिएशन (एएसबीए) [Alberta School Boards Association (ASBA)] स्कूलों में COVID-19 के मामलों के बारे में एल्बर्टा सरकार द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली शब्दावली में परिवर्तन किए जाने के लिए आग्रह कर रहा है और शिक्षा कर्मचारियों, माता-पिता, विद्यार्थियों व समुदाय के सदस्यों को समान रूप से स्पष्टता प्रदान करने वाले परिवर्तनों को समर्थन देता है। हम मंत्रालय के साथ अपने निरंतर सहयोग को जारी रखने के लिए तत्पर हैं, ताकि हम सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दिया जाना सुनिश्चित कर सकें।"
लॉरी जेस, अध्यक्षा, एल्बर्टा स्कूल बोर्ड एसोसिएशन

"CASS हमारे समुदायों पर महामारी से पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी के प्रबंधन और संप्रेषण में कार्यक्षमता, पारदर्शिता एवं स्पष्टता को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय के समय और प्रयास की सराहना करता है। इस कार्यनीति ने हमारे कर्मचारियों और अभिभावक समुदायों के साथ सशक्त साझेदारी बनाए रखते हुए प्रणाली का संचालन करने के हमारे लक्ष्य को पुरजोर समर्थन दिया है।"
डेविड किओहेन, कार्यकारी निदेशक, कॉलेज ऑफ एल्बर्टा स्कूल सुपरिटेंडेंट्स

"ASBOA का यह मानना है कि स्कूलों में COVID-19 के मामलों की शब्दावली में यह परिवर्तन भ्रम को कम करेगा और पारदर्शिता बढ़ाएगा। हम लगातार रूप से मंत्रालय के साथ चर्चा करने और प्रतिक्रिया प्रदान करने के अवसर की सराहना करते हैं।"
डेक्सटर डर्फी, अध्यक्ष, एसोसिएशन ऑफ स्कूल बिज़नेस ऑफिशियल्स ऑफ एल्बर्टा

स्कूलों में COVID-19 स्थिति के नक्शे पर दो या इससे अधिक मामलों वाले स्कूलों को दर्शाना और प्रतिबिंबित किया जाना जारी रखा जाएगा। COVID-19 की अवधि में शिक्षण के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन सामग्री इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: alberta.ca/returntoschool

जनस्वास्थ्य के संबंध में विद्यार्थियों, कर्मचारियों और परिवारों को उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। बच्चों के स्कूल में एक भी मामला होने पर माता-पिता को सूचित किया जाना जारी रहेगा और स्कूल में दो या इससे अधिक मामले होने पर आगे के समर्थन आरंभ किए जाएँगे।

एल्बर्टा की सरकार वक्र को नीचे मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए सटीक उपायों के माध्यम से लोगों के जीवन और उनकी आजीविका का संरक्षण करके COVID-19 महामारी का प्रत्युत्तर दे रही है।

त्वरित तथ्य

- कक्षा में फिर से सीखना आरंभ करने से लेकर 14 जनवरी तक स्कूलों में COVID-19 के 15 मामले हुए थे, जो स्कूलों की जनसँख्या के 0.0019 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। दस स्कूल एलर्ट (alert) और दो स्कूल आउटब्रेक (outbreak) की स्थिति में हैं।
- सितंबर 2020 से स्कूलों में प्रकोप से संबंधित आकड़े ऑनलाइन उपलब्ध हैं।